एस-14018/50(एम)/2014-डीडब्ल्यूएस(सांख्यिकी)

भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

***

चौथा तल, पर्यावरण भवन,

सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003

दिनांक: 19-01- 2015

सेवा में,

सदस्य,

वाटर ग्लोबल प्रैक्टिस, विश्व बैंक, नई दिल्ली, भारत

<u>विषय: सृजन भारती: पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा 23-24 जनवरी, 2015 को जल एवं स्वच्छता प्रौद्योगिकियों में अभिनव कार्यों पर प्रदर्शनी-सह-कार्यशाला।</u>

प्रिय,

मंत्रालय को 2019 तक स्वच्छ भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है। ग्रामीण पेयजल जल आपूर्ति और स्वच्छता दोनों के तहत लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से इस क्षेत्र में नवीन और अभिनव प्रौद्यागिकियों पर दृष्टिपात करना आवश्यक है।

इस क्षेत्र में प्रौद्योगिकियों को दर्शाने और पुन: इन प्रौद्योगिकियों की व्यावहारिक स्थितियों में उपयोगिता पर विचार करने के लिए इस मंत्रालय द्वारा 26-27 अगस्त, 2014 को ''इंडोवेशन'' नामक प्रदर्शनी-सह-कार्यशाला आयोजित की गई थी।

''इंडोवेशन'' पर एक फॉलो-अप 23-24 जनवरी, 2015 को प्रस्तावित है। यह एक ऐसा अवसर होगा जब व्यावहारिक उपयोग हेतु और अधिक प्रौद्योगिकियाँ और अभिनव प्रयोगों को दर्शाया जाएगा और इसमें स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के तहत परिकल्पित उद्देश्यों पर विशेष बल दिया जाएगा।

अत: आपसे अनुरोध है कि इस प्रदर्शनी-सह-कार्यशाला (इंडोवेशन 2015) में उपस्थित हों।

स्थान: होटल रेडिसन ब्लू, सेक्टर-13, द्वारका, नई दिल्ली, दूरभाष +91 11-30908000

इस अवसर का विस्तृत एजेंडा मंत्रालय की वेबसाइट पर अद्यतन किया जाता है।

भवदीया

(संध्या सिंह)

संयुक्त निदेशक (सांख्यिकी)

दूरभाष: 24364112

प्रति:

1. तकनीकी निदेशक (एनआईसी) मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए